# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## ग्यारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 01अप्रैल, 2026/11, चैत्र, 1947 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न** - 12

----

### मुख्य मन्त्री राहत कोष

1663 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल** (बड़सर)**:**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक जिला हमीरपुर में सरकार द्वारा मुख्य मन्त्री राहत कोष से कितनी धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

### नियमितीकरण

1664 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल** (बड़सर)**:**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में दैनिक वेतनभोगी व अंशकालीन आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की क्या नीति है;

(ख) यह सत्य है कि कई विभागों/बोर्डों/निगमों में कार्यकाल पूरा होने पर भी कई दैनिक

वेतनभोगी व अंशकालीन आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है; यदि हां, तो विभागवार कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा अप्रैल माह में कार्यकाल पूरा करने वाले अनुबंध/दैनिक वेतनभोगी/अंशकालीन कर्मचारियों को कब तक नियमित कर दिया जाएगा?

----

## एफ0आर0ए0 क्लीयरेंस

1665 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कें एफ0आर0ए0 क्लीयरेंस हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा सड़कवार व कारणों सहित दें; और

(ख) विभाग ने इनके निपटारे हेतु दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 तक क्या-क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## चम्बी मैदान

1666 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चम्बी मैदान के निर्माण हेतु कुल कितनी धनराशि जारी की गई तथा इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## इंस्पेक्शन हट

1667 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में जल शक्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे इंस्पेक्शन हट (Inspection Hut) हेतु स्वीकृत धनराशि में से कितनी व्यय की जा चुकी है तथा कितनी शेष है; इनके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## पौंग बांध विस्थापित

1668 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पौंग बांध विस्थापितों को राजस्थान में जो भूमि प्रदान की गई है; उस भूमि का मालिकाना हक लोगों को नहीं मिला है; यदि हां, तो सरकार उस भूमि का मालिकाना हक कब तक दिलवा देगी; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि पौंग डैम/महाराणा प्रताप सागर के निर्माण के कारण कांगड़ा क्षेत्र के हजारों परिवारों को विस्थापित होना पड़ा था ; यदि हां, तो इन विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं उन्हें वैकल्पिक भूमि प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; और

(ग) यह भी सत्य है कि इस क्षेत्र के अनेक प्रभावित परिवार पुनर्वास एवं अधिकारों से वंचित हैं; यदि हां, तो शेष परिवारों की संख्या कितनी है तथा उनके पुनर्वास व लंबित मांगों के समाधान हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत पद

1669 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा विभाग) में सीनियर असिस्टेंट के कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं;

(ख) दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक शिक्षा विभाग में कितने क्लर्क व जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आई0 टी0) को सीनियर असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत किया गया है; वर्तमान में कितने क्लर्क व JOA (IT) सीनियर असिस्टेंट के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में सीनियर असिस्टेंट के पदों को समाप्त करने के संबंध में कोई निर्णय लिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल आपूर्ति

1670 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत निरमण्ड में पानी की पेयजल आपूर्ति क्या नगर पंचायत अपने स्तर पर करती है या कोई सरकारी विभाग करता है; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक क्या नगर पंचायत निरमण्ड में पेयजल के बिल जनता को जारी हुए हैं; यदि हां, तो कितनी धनराशि के बिल नगर पंचायत तथा सरकार ने जारी किए हैं;

(ग) क्या ये बिल पानी की मीटर रीडिंग पर जारी हुए हैं; यदि हां, तो ये मीटर उपभोक्ताओं के घर पर कब लगे थे; ब्यौरा दें; और

(घ) यह सत्य है कि पानी के बिल मीटर की रीडिंग के हिसाब से दिए जा रहे हैं जबकि पानी के मीटर नगर पंचायत में पूर्ण तौर पर नहीं लगे हैं; यदि हां, तो ये बिल किस आधार पर जारी किए गए ; ब्यौरा दें?

----

## नगर पंचायत

1671 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आनी कस्बे को नगर पंचायत बनाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; इस हेतु क्या-क्या औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा कौन-सी अधूरी हैं?

----

## सड़क निर्माण

1672 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पांगी की ग्राम पंचायत फागड़ी के अंतर्गत गांव सिरना, वादेगा, फागड़ी, चलेई, मनहोता, मोरतो, द्रमाट व द्रमण पी0एम0जी0एस0वाई0 चरण–IV की पात्रताएं पूर्ण होने के बावजूद भी सड़क सुविधा से वंचित हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## जनजातीय विकास

1673 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष से दिनांक 31.01.2026 तक सरकार द्वारा आबंटित बजट का कितना प्रतिशत जनजातीय उप-योजना (TSP) के तहत पांगी व भरमौर में वास्तविक रूप से व्यय हुआ है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या जनजातीय उप-योजना की राशि अन्य मदों में डाइवर्ट की जा रही है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## जनजातीय विकास

1674 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दुर्गम व जनजातीय क्षेत्रों में नियुक्ति से बचने की प्रवृत्ति के कारण पांगी व भरमौर जैसे क्षेत्रों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसे रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**28 मार्च, 2026 .** **सचिव**